सागर प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com
#Digital Edition
www.bundelihalchal.com
सागर, गुरूवार, 04 दिसम्बर 2025



**बदहाली उजागर : 200 से अधिक विद्यार्थी, चार कमरों में चल रही पढ़ाई, न पानी की व्यवस्था, न सुरक्षा**

# मनरेगा योजना से राशि निकालने के बाद भी 4 साल से अधूरी पड़रई हाईस्कूल की बाउंड्रीवॉल, प्रयोगशाला बनी स्टाफ रूम



बृजेंद्र रैकवार सागर/ जैसीनगर

जैसीनगर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पड़रई हाई स्कूल की जमीनी स्थिति बेहद चिंताजनक है। विद्यालय में 200 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर स्कूल की हालत बदतर है। मात्र चार कमरों में पूरे हाई स्कूल का संचालन किया जा रहा है। न पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था है और न ही विद्यालय की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल निर्मित हुई है। विद्यालय में कुल चार ही कमरे हैं,जिनमें से एक प्रयोगशाला कक्ष को स्टाफ रुम के रुप में उपयोग किया जा रहा है। कक्षा 9वीं में लगभग 125 छात्र-छात्राएं और 10वीं में 75 छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। भीड़भाड़ और कमरों की कमी के कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्कूल में पीने के पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। बाहर लगा एक सार्वजनिक बोर ग्रामीणों द्वारा उपयोग में लिया जाता है। हाल ही में नल-जल योजना से पानी का कनेक्शन लिया गया है, लेकिन सप्लाई नियमित न होने से बच्चों को परेशान होना पड़ता है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि वे मजबूरी में घर से ही पानी लाकर स्कूल में पीते हैं।

## मनरेगा से 13.78 लाख स्वीकृत: पंचायत ने राशि आहरित की, पर निर्माण अधूरा छोड़ दिया

पड़रई हाईस्कूल परिसर की सुरक्षा के लिए 2021-22 में मनरेगा योजना अंतर्गत वर्क कोड क्रमांक 22012034567003,13.78 लाख रुपये की बाउंड्रीवाल स्वीकृत हुई थी। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत थी। पंचायत ने 3.97 लाख रुपये सामग्री मद और 81 हजार रुपये मजदूरी मद में वर्ष 2021 में ही आहरित कर लिये लेकिन बाउंड्रीवाल को आंशिक रूप से बनाकर काम को अधूरा छोड़ दिया गया। पिछले चार वर्षों में चार पाच सब-इंजीनियरो की पदस्थापना रही, लेकिन किसी ने भी निर्माण की प्रगति को लेकर ध्यान नहीं दिया,हैरानी की बात यह है कि अब तक बाउंड्रीवाल का कोई मूल्यांकन भी नहीं किया गया,और ग्राम पंचायत पड़रई को पंचायतराज संचानालय से हाईस्कूल के बाजू से बने मंगल भवन के अतिरिक्त कार्य हेतु 25 लाख रुपये मिले है तो उस राशि से स्कूल परिसर में ही डस्ट, गिट्टी, स्टोन डस्ट डली हुई है मंगल भवन के अतिरिक्त कार्य के साथ साथ वर्तमान में तार फेसिंग कराने की तैयारी जरूर चल रही है

## परिसर में मवेशी, उपले, शराब की बोतलें

बाउंड्रीवाल न होने के कारण स्कूल असामाजिक तत्वों का अड्डा बनता जा रहा है।रात में युवकों के जमावड़े की शिकायत परिसर में मवेशी बाँधे जा रहे, उपले




(कन्डा)थोपे जा रहे है और शराब के खाली क्वार्टर और डिस्पोजल फैले मिले,शौचालय व बाथरूम पर ताले लगे पाए गए। पूछने पर स्टाफ ने बताया कि असामाजिक तत्वों की तोड़फोड़ से बचाने के लिए मजबूरी में ताले लगाए जाते हैं। वहीं बाथरूम की छत भी पूरी तरह गायब है। पड़रई हाईस्कूल में भृत्य (चपरासी) का पद स्वीकृत नहीं है ऐसे में सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। कक्षा-कक्षों व शौचालयों की नियमित साफ-सफाई न होने से छात्रों को असुविधा होती है,जबकि पड़रई माध्यमिक स्कूल में भृत्य है लेकिन वह कहा अटैच है यह स्कूल

## मवेशी बांधे जा रहे, उपले और शराब की खाली बोतलें फैलीं

**शौचालय में ताला**







## नई बिल्डिंग की सख्त जरूरत

200 से अधिक विद्यार्थियों वाले इस हाई स्कूल के लिए एक सुदृढ़, सुरक्षित और सुव्यवस्थित भवन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही है। सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और विद्यालय के भविष्य को लेकर ग्रामीणों में भी चिंता बढ़ रही है

## मैंने निरीक्षण कर समस्या देखी थी, वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है

पड़रई हाई स्कूल का मैंने निरीक्षण किया था जिसमें पीने की पानी की समस्या सामने आई थी और अन्य समस्याएं हैं पत्राचार के माध्यम से समस्याओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है।

**-सृष्टि पटेल,** सहायक संचालक विकासखंड जैसीनगर

## टीम गठित कर जांच कराएंगे, दोषियों पर कार्रवाई कर राशि वसूल की जाएगी

पड़रई हाईस्कूल बाउंड्रीबाल अधूरी पड़ी है, यह बात सही है, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एंव उपयंत्री से दस्तावेज मंगाए गये है। टीम गठित करवाकर बाउंड्रीवॉल की जांच करवाई जाएगी और जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी एवं राशि की वसूली भी की जाएगी।

**-श्रीराम सोनी,** सीईओ जनपद पंचायत जैसीनगर

## मंत्री राजपूत के माध्यम से शासन स्तर पर पत्र गया है, आशा है समाधान होगा

जैसीनगर विकासखंड के पड़रई हाई स्कूल मैं नए भवन की स्वीकृति हो इसके लिए विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के माध्यम से शासन स्तर पर पत्र गया है और आशा है कि जल्द ही आवश्यकता अनुरूप नया भवन स्वीकृत होगा एवं छात्र-छात्राओं को पानी पीने की व्यवस्था का स्थाई समाधान निकाला जाएगा।

**-अरविंद जैन** जिला शिक्षा अधिकारी सागर

# लव मैरिज के सात महीने बाद पति ने की आत्महत्या: शव लेकर पत्नी के घर पहुंचे परिजन, किया हंगामा

- परिजनों ने तलाक के लिए धमकाने का लगाए आरोप

**प्रवेश संवाद** सागर.



मकरोनिया थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 27 वर्षीय विकास लोधे ने 7 महीने पहले ही लव मैरिज की थी। परिजनों का आरोप है कि पत्नी के मायके वाले उसे अपने साथ ले गए और अब तलाक का दबाव बना रहे थे। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद गुस्साए परिजन शव लेकर सीधे पत्नी के घर पहुंच गए और वहां जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। मृतक के परिजन राकेश लोधे ने बताया कि विकास उम्र 27, निवासी बटालियन वार्ड क्रमांक-15, ने करीब 7 महीने पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों पति-पत्नी हंसी-खुशी रह रहे थे। इसी बीच दीपावली के बाद लड़की के मायके पक्ष के लोग घर आए और उसे अपने साथ ले गए।

**शव रखकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने संभाला मोर्चाः** मंगलवार को पीएम के बाद परिजन शव लेकर सीधे लड़की के घर पहुंचे। वे पत्नी को बाहर बुलाने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाइश दी और मामला शांत कराया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

**इलाज का बहाना बनाया, फिर तलाक का दबाव डालाः** परिजनों के मुताबिक, कुछ दिन बाद जब उन्होंने फोन लगाया तो ससुराल वालों ने कहा कि लड़की को इलाज के लिए नागपुर ले गए हैं। इसके करीब एक सप्ताह बाद दोबारा फोन लगाने पर बताया कि जबलपुर में इलाज चल रहा है। आरोप है कि इसी दौरान उन्होंने लड़की को बहला-फुसलाकर तलाक के लिए तैयार कर लिया।

**मानसिक प्रताड़ना से था परेशानः** आरोप है कि पत्नी ने विकास से तलाक लेने की बात कही और विकास को धमकाया भी जा रहा था। इसी मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर विकास ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

## कुर्मी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक ऑडियो वायरल, फूटा आक्रोश



**सागर.** बीना में कुर्मी समाज को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में बुधवार दोपहर भारी आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में समाज के लोग एकजुट होकर तहसील पहुंचे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। समाजजनों ने बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऑडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में कुर्मी समाज के विरुद्ध अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं। इस ऑडियो के सामने आने के बाद समाज की भावनाएं गहरी आहत हुई हैं और समाज की प्रतिष्ठा पर भी आघात पहुंचा है। समाज के सदस्यों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि किसी भी वर्ग या समुदाय के बारे में ऐसी असंयमित और भड़काऊ टिप्पणी सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि वायरल ऑडियो ने न केवल कुर्मी समाज की छवि धूमिल की है, बल्कि क्षेत्र में अनावश्यक वैमनस्य

## सट्टा खिलाते 5 सटोरिये गिरफ्तार: कैंट क्षेत्र में दबिश देकर 5 को पकड़ा, नकद- बुकिंग पर्चियां जब्त की

**प्रवेश संवाद** सागर.



पुलिस ने अवैध शराब, सट्टा और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में कैंट पुलिस ने कजलीवन मैदान और सदर समेत अन्य इलाकों में दबिश देकर 5 सटोरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा पर्चियां और 6010 रुपए नकद जब्त किए हैं।

दरअसल, एसपी विकास शाहवाल ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध गतिविधियों (शराब, सट्टा, जुआ) पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी के चलते थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कैंट थाना क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से सट्टा बुकिंग कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सदर कजलीवन मैदान, मढिया विट्ठलनगर और शास्त्री चौक सदर समेत अन्य स्थानों पर घेराबंदी कर दबिश दी। बाबूलाल अहिरवार (55 वर्ष), पिता मंगल अहिरवार, निवासी 17 मुहाल सदर बाजार, नरेन्द्र जाटव (48 वर्ष), पिता रामलाल जाटव, निवासी गुरुगोविंद्र सिंह वार्ड, यधुनंदन घोषी (49 वर्ष), पिता प्रताप सिंह घोषी, निवासी गुरुगोविंद्र सिंह वार्ड, अरविंद्र लोधी (34 वर्ष), पिता प्रकाश लोधी, निवासी पगारा, गोलू उर्फ राहुल चौकसे (35 वर्ष), पिता प्यारेलाल चौकसे, निवासी गुरुगोविंद्र सिंह वार्ड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## बीना में शराब ले जा रहे दो लोग गिरफ्तार: 400 पाव शराब-बाइक जब्त, आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई

**प्रवेश संवाद** बीना.



शराब ले जा रहे दो लोग गिरफ्तार बीना पुलिस ने अवैध शराब ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 400 पाव (लगभग 72 लीटर) अवैध शराब और एक अपाचे बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि यह कार्रवाई 2 दिसंबर की दरमियानी रात को की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से खुरई दिशा से अवैध शराब लेकर बीना की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और खुरई रोड स्थित भारत गैस एजेंसी गोदाम के पास घेराबंदी की गई। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल आते दिखी। पुलिस को देखकर चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान केशव उर्फ विट्टू उर्फ कनकटा (उम्र 20 वर्ष, निवासी मढिया वार्ड बीना) और मनीराम (निवासी जवाहर वार्ड बीना) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल पर रखी काले-नीले रंग की प्लास्टिक बोरी से चार कार्टून SAGAR GOLD GRAIN WHISKY के 200 पाव और GOA WHISKY के खुले 200 पाव बरामद हुए। कुल 400 पाव (72 लीटर) शराब जब्त की गई। आरोपी शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके।

## बुंदेलखंड को पृथक राज्य बनाने की मांग तेज, संसाधनों के बावजूद पिछड़ रहा क्षेत्र, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**प्रवेश संवाद** सागर



बुंदेलखंड को पृथक राज्य का दर्जा देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। मालथौन स्थित सिद्ध क्षेत्र गौधाम में प्रगति मानव कल्याण परिषद (पीएमकेपी) की पहली बैठक सोमवार को हुई। इस बैठक में क्षेत्र की विकास संबंधी समस्याओं, जल-संकट, बेरोजगारी और बढ़ते पलायन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**बुंदेलखंड को पृथक राज्य का दर्जा देने की मांगः** बैठक के बाद परिषद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के राज्यपालों तथा दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार मालथौन को सौंपा। ज्ञापन में बुंदेलखंड क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही उपेक्षा और संसाधनों के बावजूद विकास न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। परिषद ने मांग की है कि क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए जल्द से जल्द बुंदेलखंड को पृथक राज्य का दर्जा दिया जाए।

परिषद के पदाधिकारियों ने तर्क दिया कि अलग राज्य बनने से प्रशासनिक कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। इससे क्षेत्र में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का सही इस्तेमाल हो सकेगा और सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में तेजी से सुधार आएगा। इसके साथ ही, बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को भी उचित सम्मान मिलेगा।

संस्था ने चेतावनी दी है कि यदि सरकारें बुंदेलखंड की जनभावनाओं को नजरअंदाज करती हैं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में समाजसेवी, युवा, किसान और बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में बुंदेलखंड राज्य की मांग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज सिंह लोधी, सपा जिलाध्यक्ष राजेश आठिया, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द सिंह लोधी, राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र राज, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरविन्द पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष (पत्रकार प्रकोष्ठ) कृष्ण कांत अहिरवार, संभागीय अध्यक्ष सुशील ठाकुर, जिलाध्यक्ष अखिलेश, सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन रनिंग रूम में सफाईकर्मी से छेड़छाड़, ट्रेन मैनेजर पर केस दर्ज

**प्रवेश संवाद** बीना

बीना रेलवे स्टेशन के रनिंग रूम में एक महिला सफाई कर्मचारी ने ट्रेन मैनेजर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला ने मंगलवार रात जीआरपी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जीआरपी को दिए आवेदन में महिला ने बताया कि वह रनिंग रूम में ठेकेदार नीरज साहू के अधीन सफाई का काम करती है। मंगलवार को दोपहर करीब 12:30 बजे वह कमरा नंबर 3 की सफाई कर रही थी।उसी दौरान ट्रेन मैनेजर (गार्ड) वी.के. मीना नहाकर चड्डी-बनियान में कमरे में आए और कथित तौर पर उसका हाथ पकड़कर अपनी ओर खींचने लगे। महिला के अनुसार, जब उसने शोर मचाया तो आरोपी ने कथित तौर पर कहा, 'पैसा ले, मत चिल्ला।' महिला ने किसी तरह खुद को छुड़ाया और कमरे से बाहर निकलकर घटना की जानकारी सीएलआई प्रेम सिंह को दी। इसके बाद वह जीआरपी थाना बीना पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले को लेकर रेलवे यूनियन पदाधिकारी भी सामने आए हैं। ट्रेन मैनेजर वी.के. मीना का कहना है कि जब कर्मचारी व्यवस्था सुधारने की मांग करते हैं, तो कई बार उन पर इस तरह के आरोप लगा दिए जाते हैं। उन्होंने जीआरपी से निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

जीआरपी ने महिला के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रथयात्रा, चरण पादुका स्थापना और भक्तों की उमंग से गूंजा सागर, आज भव्य शोभायात्रा, झांकियों और दलों से सजेगी भक्ति-शोभा

- श्री गुलाब बाबा मंदिर के 18वें वार्षिक उत्सव का शुभारंभ: चरण पादुका पालकी रथयात्रा के भव्य आगमन से सागर में हुआ प्रारंभ





**प्रवेश संवाद सागर.**

बुंदेलखण्ड क्षेत्र के श्रद्धालुओं के आस्था-केन्द्र गुलाब बाबा मंदिर, सागर में बुधवार को वार्षिक उत्सव का शुभारंभ अत्यंत भव्यता और दिव्यता के साथ हुआ। नरसिंहगढ़-दमोह से पधारी गुलाब बाबा चरण पादुका पालकी रथयात्रा जब सागर मंदिर पहुँची, तब जयकारों, पुष्पों की वर्षा और भक्तों की उमंग से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। चरण पादुकाओं की मंदिर में स्थापना के साथ उत्सव विधिवत प्रारंभ हुआ।

रथयात्रा का भव्य स्वागतः हर वर्ष की तरह इस बार भी महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और बुंदेलखंड के हजारों श्रद्धालु उत्सव में शामिल होने के लिए सागर पहुंचे। रथयात्रा सुबह 10:32 बजे होटल दिपाली के सामने स्थित गुलाब बाबा भूमि, बहेरिया तिगड्डा से प्रारंभ हुई। यह पारंपरिक मार्ग - मकरोनिया, सिविल लाइन, गोपालगंज और संजय ड्राइव से होती हुई मंदिर परिसर में पहुँची। पूरे मार्ग में स्थानीय नागरिकों एवं भक्तों ने आरती, पुष्पवर्षा और स्वागत से रथयात्रा का अभिनंदन किया। मंदिर आगमन पर ट्रस्ट की श्रीमती ज्योति जिमी अल्मेड़ा, किरण पारासरे, डॉ. भरत आनंद वाखले, सुश्री शीबू सोनी सहित अनेक भक्तों ने चरण पादुकाओं की आरती उतारी और स्वागत किया।

**आज निकलेगी शोभायात्राः** मंदिर व्यवस्थापक सहयोगी प्रमेन्द्र (गोलू) रिछारिया एवं सचिव श्याम सोनी ने बताया कि 4 दिसंबर को प्रतिवर्ष की तरह भव्य गुलाब बाबा चरण पादुका पालकी रथयात्रा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में कन्याओं की लेझम दल, राधाकृष्ण की चलित नृत्यमय झांकी, महाकाल डमरू दल, महाकाल झांकी, ग्रामीण भजन मंडलियाँ, विविध नृत्य दल, देशभर से आए भक्तों का विशाल काफिला शोभा बढ़ाएंगे। यह यात्रा नगर में सौहार्द, प्रेम और शांति के संदेश का प्रसार करेगी।

**हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठः** गौरमूर्ति के समक्ष यात्रा मंडल द्वारा एक साथ खड़े होकर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी किया जाएगा, जो उत्सव का प्रमुख आकर्षण रहेगा। भक्तगण इसे आध्यात्मिक ऊर्जा का विशिष्टक्षण बताते हैं।

**सांस्कृतिक आयोजनः** शाम को आदर्श संगीत महाविद्यालय सागर के शिक्षकों, कलाकारों और विद्यार्थियों द्वारा शास्त्रीय नृत्य एवं गायन की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां होंगी। इनका आयोजन मंदिर परिसर में बने विशाल गुलाब मंच पर किया जाएगा, जहाँ प्रतिवर्ष हजारों भक्त उपस्थित रहते हैं।

# आईएमए सागर, फोगसी और रोटरी क्लब ने शुरू किया महिलाओं-बालिकाओं की डिजिटल सुरक्षा अभियान

**प्रवेश संवाद सागर.**




इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) सागर, फोगसी सागर और रोटरी क्लब सागर ने संयुक्त रूप से डिजिटल हिंसा के खिलाफ सुरक्षित डिजिटल भारत नामक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग, रिवेंज पोर्न, ऑनलाइन स्टॉकिंग और डिजिटल शोषण से सुरक्षित रखना है। कार्यक्रम में फोगसी अध्यक्ष डॉ. ज्योति चौहान ने कहा, डिजिटल स्पेस महिलाओं और बालिकाओं के लिए अवसर का स्थान होना चाहिए, भय का नहीं। हमारा लक्ष्य समाज को यह ज्ञान देना है कि डिजिटल हिंसा को कैसे पहचानें और उसका प्रतिरोध कैसे करें, ताकि सभी के लिए एक सुरक्षित ऑनलाइन पारिस्थितिकी तंत्र बन सके।

IMA सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया, रोटरी क्लब सागर के साथ यह साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम आने वाले दिनों में महिलाओं, बालिकाओं एवं उनके परिवारों के लिए कई कार्यशालाएं, जागरूकता अभियान और सेमिनार आयोजित करेंगे। इनमें ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल नागरिकता, साइबर कानूनों की जानकारी तथा उत्पीड़न की शिकायत करने के सरल तरीके सिखाए जाएंगे। चिकित्सकों और सामुदायिक नेताओं को एकजुट कर हम डिजिटल दुनिया को सभी के लिए सुरक्षित बनाएंगे। रोटरी सागर के अध्यक्ष आशीष सिंह ने कहा, IMA के साथ इस महत्वपूर्ण पहल पर गर्व है। एक साथ मिलकर हम डिजिटल जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि महिलाएं एवं बालिकाएं आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ ऑनलाइन दुनिया में आगे बढ़ सकें।सरकार द्वारा जारी 1930 हेल्पलाइन नंबर में किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी और उत्पीड़न की शिकायत करने की प्रक्रिया भी साझा किया। यह अभियान स्कूलों, कॉलेजों, मोहल्लों और पेशेवर समूहों तक पहुंचेगा। दोनों संगठनों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस मुहिम में सक्रिय भागीदार बनें और डिजिटल हिंसा के किसी भी मामले की तुरंत रिपोर्ट करें। डॉ जयश्री चौकसे, डॉ. संजीव मुखरिया, डॉ. सिम्मी मुखरिया, डॉ. झानवी मुखरिया, आशीष सिंह, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में आम जानता की सक्रिय भागीदारी ने इस जागरूकता सत्र को अत्यंत प्रभावी बना दिया।कार्यक्रम के अंत में रोटरी सागर केवरिष्ठ रोटरी सदस्य डॉ. राम पाठक ने आभार माना।

## बीना रेलवे स्टेशन लोको रनिंग कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

**बीना.** बीना रेलवे स्टेशन पर लोको रनिंग कर्मचारियों ने बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। यह विरोध प्रदर्शन प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 पर लॉबी के पास 24 घंटे जारी रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट और अन्य कर्मचारी शामिल हुए हैं। कर्मचारी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें माइलेज रेट संशोधन, ग्रेड-पे सुधार और जोखिम भत्ता शामिल हैं। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने कहा कि इन मुद्दों पर लंबे समय से कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में RAC–1980 फॉर्मूले के अनुसार 1 जनवरी 2006 से माइलेज रेट को तत्कालीन TA के ट्रिपल रेट के आधार पर संशोधित करना शामिल है। वे 1 जनवरी 2012 से माइलेज रेट पर आयकर छूट की सीमा बढ़ाने और 1 जनवरी 2024 से बढ़े हुए TA रेट के अनुसार माइलेज रेट लागू कर भुगतान करने की मांग कर रहे हैं।

## अभद्र भाषा विवाद: ब्राह्मण समाज ने एसपी को दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की



**प्रवेश संवाद सागर.** रहली विधानसभा में मुरारी पांडे व्यक्ति ने शराब के नशे में कुर्मी समाज देश के किसानों के खिलाफ अभद्र भाषा बोली उनके साथ गाली-गलौज की जिस की ब्राह्मण समाज निंदा करती है एवं आज एसपी साहब को ब्राह्मण समाज ने मुरारी पांडे के खिलाफ ज्ञापन दिया एवं कार्रवाई की मांग की ज्ञापन में शिव शंकर मिश्रा राजेश पाराशर, दिनकर तिवारी, विद्याभूषण तिवारी, भरत तिवारी, पप्पू तिवारी रोहित गुरू, अभिषेक पुरोहित, कपिल स्वामी आदि समाज उपस्थित थे।

## भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 10 के तत्वावधान में, मंगलगिरी महामहोत्सव 2025 में, तृतीय कार्यकारिणी, तीर्थ रक्षा सम्मेलन आयोजित

**प्रवेश संवाद सागर**



मंगलगिरी महामहोत्सव 2025 में,भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 10 का तृतीय कार्यकारिणी,तीर्थक्षेत्र रक्षा सम्मलेन का आयोजन अतिशय क्षेत्र मंगलगिरी सागर में पट्टाचार्य 108 विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ ( 27पीछी)के सानिध्य में संपन्न हुआ। प्रारंभ में भगवान महावीर स्वामी के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन ब्र. जयकुमार निशांत ,पं. पवन दीवान सहित समस्त राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक महावीर प्रार्थना से की गई। तीर्थ रक्षा सम्मेलन, तृतीय कार्यकारिणी की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर अरुण जैन चंदेरिया ने की। मुख्य अतिथि समारोह गौरव राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेंद्र जी ,विशिष्ट अतिथि अतिवीर इंजी. आर के जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मंचासीन रहे।

मंच संचालन क्षेत्रीय मंत्री अति वीरांगना कविता ऋषभ जैन, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर जिनेश जैन, आभार क्षेत्र उपाध्यक्ष मनीष विद्यार्थी ने माना । स्वागत भाषण क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं द्वितीय कार्यकारिणी की गतिविधियां क्षेत्रीय मंत्री दी गई।

जैन मिलन के पदाधिकारी द्वारा आगंतुक शाखों के पदाधिकारी का सम्मान किया गया।उपस्थित पदाधिकारी द्वारा तीर्थ क्षेत्र रक्षा पर अपने विचार रखे एवं बुंदेलखंड तीर्थ रक्षा कमेटी बनाने का सुझाव दिया।अतिशय क्षेत्र मंगलगिरी अध्यक्ष द्वारा अपने विचार रखे एवं क्षेत्र की बाउंड्री बाल बनाकर सुरक्षित करने की बात रखी। मुख्य अतिथि अतिवीर कमलेंद्र जी द्वारा बताया गया कि भारतीय जैन मिलन ने यह वर्ष तीर्थ रक्षा एवं साधु साध्वी सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत दिगंबर,श्रेतांबर, स्थानकवासी साधुओं चातुर्मास के दौरान भारतीय जैन मिलन के 19 क्षेत्रों की 1600 से अधिक शाखाओं के द्वारा अनेक नगरों में तीर्थ रक्षा सम्मेलन आयोजित कर जैन साधर्मी बंधुओं को तीर्थ रक्षा हेतु जागरूक करने में महती भूमिका निभाई।

मुद्रक एवं प्रकाशक- सुरेंद्र सिंह राजपूत (पृथ्वी) द्वारा जयश्री नारायण प्रिंटिंग प्रेस विठ्ठल भवन गुजराती बाजार सागर (म.प्र.) से मुद्रित, बैंक कॉलोनी, तिल्ली रोड सागर में प्रकाशितः मो. नं. 9926459376
स्थानीय संपादक - शुभम श्रीवास्तवः आर.एन.आई. नंबरः MPHIN/2013/48637, समाचार चयन के लिए पी. आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार न्यायिक क्षेत्र सागर (म.प्र.) रहेगा।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस मकरोनिया बुजुर्ग में विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की रोकथाम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

- उमंग हेल्थ वेलनेस और नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त आयोजन में एड्स जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

**प्रवेश संवाद सागर.**




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाविद्यालय मकरोनिया बुजुर्ग में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की रोकथाम विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आज राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम एवं नेशनल टास्क फोर्स कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके की गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि यादव ने उमंग हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम, नेशनल टास्क फोर्स तथा विश्व एड्स दिवस जागरूकता कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी, सहायक प्राध्यापक ने कहा कि आत्महत्या लंबे समय से समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय रही है और हाल के वर्षों में आत्महत्या की प्रवृत्ति में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी आयु, लिंग, जाति, धर्म, वर्ग या राष्ट्रीयता का व्यक्ति आत्महत्या का प्रयास कर सकता है। भारत में दहेज, यौन शोषण जैसे कारणों से महिलाओं द्वारा तथा आर्थिक तंगी आदि के कारण किसानों द्वारा आत्महत्या के मामले देखे जाते हैं।

विशेष रूप से छात्र आत्महत्या के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत में 13 से 25 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों में आत्महत्या की घटनाएँ चिंताजनक रूप से बढ़ी हैं। इसमें वे छात्र भी शामिल हैं जो संस्थानों में अध्ययनरत नहीं हैं, लेकिन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने छात्रों में आत्महत्या बढ़ने के प्रमुख मानसिक एवं सामाजिक कारणों पर विस्तार से चर्चा की एवं एड्स से संबंधित जानकारियाँ भी दीं। सत्र के दौरान विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया और उनकी समस्याओं पर सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. जैन ने भी विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या तथा एड्स जैसे गंभीर विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अजय सिंह ठाकुर द्वारा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठन से आर.सी. प्रजापति ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

एड्स विषय पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका श्रद्धा राजपूत ने किया तथा आभार राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि यादव ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलेश राय, उमंग नोडल अधिकारी जितेंद्र राजपूत, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. कमलेश दुबे, डॉ. सत्या सोनी, डॉ. तल्लुम खान सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## गोण्ड सभ्यता के महानायकों के जीवनगाथा पर प्रस्तुति आज से

**सागर.** मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के स्वजन्य से सागर जिले के शाहगढ़ में 4 से 6 दिसम्बर 2025 तक सायं 6:30 बजे से तहसील मुख्यालय शाहगढ़ के पुरानी गल्ला मण्डी बण्डा बाजार में गोण्ड सभ्यता के महानायकों की गाथाओं का नृत्य नाट्य के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 दिसम्बर 2025 को सायं 6:30 बजे से राजा पेमलशाह की गाथाओं पर आधारित नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसके निर्देशक रामचन्द्र सिंह तथा संगीतकार मिलिन्द त्रिवेदी होंगे। इसी प्रकार 5 दिसम्बर 2025 को सायं 6:30 बजे से राजा हीराखान सिंह की गाथाओं पर आधारित नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसके निर्देशक नवीन सिंह एवं संगीतकार कुलदीप सार्वा होंगे। इसी प्रकार 6 दिसम्बर 2025 को सायं 6:30 बजे से वीरांगना रानी दुर्गावती की गाथाओं पर आधारित नृत्य-नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसके निर्देशक रामचन्द्र सिंह एवं संगीत किशन राय होंगे।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कमिश्नर ने व्यक्त की नाराजगी

- सागर संभाग में प्राथमिकता के साथ लगाए जाएं करेक्टिव सर्जरी कैंप- कमिश्नर

**प्रवेश संवाद सागर**



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में दिव्यांगजनों के लिए करेक्टिव सर्जरी कैंप लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सागर संभाग के सभी जिलों में दिव्यांगजनों के लिए करेक्टिव सर्जरी कैंप लगाएं तथा करेक्टिव सर्जरी कैंपों के माध्यम से दिव्यांगजनों का समुचित उपचार करें। कमिश्नर ने कहा है कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना मध्यप्रदेश शासन की एक अभिनव योजना है। इस योजना का लाभ गरीब और कमजोर तबके के लोगों को दिलाएं। कमिश्नर ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में अपेक्षित कार्य नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया गया है कि संबंधित जिलों के जवाबदेह अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण लें कि निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति क्यों नहीं हुई? कमिश्नर ने उक्त निर्देश मंगलवार को सामाजिक न्याय विभाग, उद्योग विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में कमिश्नर ने सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं होना चाहिए। सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ होना चाहिए। बैठक में संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, वहीं अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण के लिए सागर संभाग में जिला स्तर पर कोषालयों में वेतन निर्धारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अपेक्षित परिणाम मिले हैं। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उद्यमियों से सतत संपर्क करें। सागर संभाग में उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए सतत प्रोत्साहित करें।

# जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर SIR कार्य तेजी से जारी

**प्रवेश संवाद सागर**

निर्वाचन आयोग के निर्देश और कलेक्टर संदीप जीआर के मार्गदर्शन में जिले भर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिले में प्रतिदिन प्रगति दर्ज की जा रही है, जिससे मतदाता सूची को और अधिक सटीक बनाने का प्रयास किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारीयों के द्वारा घर घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र का वितरण किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े के द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरा गया। इस दौरान तहसीलदार प्रतीक रजक, पटवारी विनोद साहू एवं बूथ लेवल अधिकारी श्रीमति ऊषा राठौर द्वारा मतदाता गणना पत्रक भरा गया इस दौरान मतदाताओं को फॉर्म भरने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। BLO ने मतदाताओं की सहायता कर फॉर्म भरवाने में सक्रिय भूमिका निभाई। यह अभियान मतदाता सूची में नई प्रविष्टियां, संशोधन और डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम घर घर पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो सके। कलेक्टर संदीप जीआर ने कहा कि SIR कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए सभी अधिकारी प्रतिबद्ध हैं। जिले में अब तक अच्छी प्रगति हुई है और आने वाले दिनों में यह और तेज होगी। मतदाता फॉर्म भरने में किसी प्रकार की सहायता के लिए स्थानीय BLO या किसी भी प्रकार की सहायता अथवा शिकायत के लिए कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कॉल सेंटर से संपर्क सूत्र 07582 224543 पर कॉल कर सकते हैं।

# 4 दिसंबर शाम का चंद्रमा होगा बेहद खास : सारिका घारू

**प्रवेश संवाद सागर**

इस साल की अंतिम पूर्णिमा गुरुवार 4 दिसंबर का चाँद दिखने जा रहा है बेहद ख़ास। शाम उदित हुआ चंद्रमा होगा सुपरमून। नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि आज चंद्रमा पृथ्वी के नज़दीक होगा और इसकी पृथ्वी से दूरी लगभग 3 लाख 57 हजार 218 किमी होगी। इसे कोल्ड मून भी नाम दिया गया है। सारिका ने बताया कि उदित होते समय देखने पर मून इल्युजन के कारण यह और अधिक बड़ा दिखाई देगा। इसके बाद आकाश में पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ते हुए सुबह 4 बजकर 44 मिनट पर पृथ्वी के सबसे नज़दीकी बिंदु पर आ जाएगा। इसे देखने के लिए किसी विशेष उपकरण की जरूरत नहीं होगी। अगर आप शहर की रोशनी से दूर वाले स्थान से देखेंगे तो इसकी चमक को और अधिक महसूस कर पाएँगे। सारिका ने बताया कि सुपरमून तब होता है जब पूर्णिमा का चंद्रमा पृथ्वी की परिक्रमा करता हुआ पृथ्वी के सबसे निकट बिंदु पर रहता है। इस बिंदु को पेरिजी कहते हैं। पास आ जाने से वह सामान्य पूर्णिमा के चंद्रमा से बड़ा और अधिक चमकीला दिखता है।

# बीना-कटनी तीसरी लाइन परियोजना से प्रभावित ग्रामवासियों को भू-अर्जन की राशि तत्काल हस्तांतरित करें: संभागायुक्त

**प्रवेश संवाद सागर**

बीना-कटनी तीसरी लाइन परियोजना से प्रभावित ग्रामवासियों को भू-अर्जन की राशि तत्काल हस्तांतरित करें एवं राजस्व एवं रेलवे के अधिकारी समन्वय से कार्य में प्रगति लाएँ। उक्त निर्देश संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने बीना-कटनी-सिंगरौली तीसरी लाइन तथा खजुराहो-पन्ना खंड में निर्माणाधीन नई ब्रॉड गेज रेल लाइन की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर कलेक्टर संदीप जी. आर., जॉइंट कमिश्नर विनय द्विवेदी, रेल विभाग के अधिकारी सहित अन्य जिलों के संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बीना-कटनी तीसरी रेल लाइन के तहत तहसील शाहपुर की अवॉर्ड पारित होने के



बाद रेल विभाग द्वारा तत्काल संबंधित प्रभावित व्यक्ति को कब्ज़ा दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील नरयावली के ग्राम जरूवाखेड़ा के अवॉर्ड पारित होने के बाद सभी की राशि उनके खातों में हस्तांतरित करें। इसी प्रकार नरयावली तहसील के ग्राम ईश्वरवारा में रेलवे विभाग द्वारा भूमि स्वामियों की आपसी सहमति के बाद प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्य 15 दिवस में पूर्ण करें। संभाग आयुक्त सुचारी ने निर्देश दिए कि जहाँ भी आवश्यकता पुलिस की पड़ती है, पुलिस को पहले से सूचना दें एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। संभाग आयुक्त अनिल सुचारी ने पन्ना कलेक्टर को निर्देश दिए कि अजयगढ़ तहसील के विभिन्न ग्राम, जो परियोजना के अंतर्गत आ रहे हैं, उनकी भू-अर्जन के कार्यों में धारा 11, धारा 19, धारा 21 की कार्रवाई शीघ्रता से करें एवं अवॉर्ड पारित कराकर रेलवे को कब्ज़ा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि छतरपुर जिले में राजनगर तहसील के ग्रामों की भूमि का भू-अर्जन कर अवॉर्ड पारित कराएँ। संभाग आयुक्त सुचारी ने कहा कि सभी भू-अर्जन होने के बाद नामांतरण, बँटवारा का कार्य समय-सीमा में करें एवं संबंधित भूमि के नक्शे में रेलवे के पक्ष में चिन्हांकित करें। उन्होंने रेलवे के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा जो जमीन खाली कराई जा रही है, उस पर तत्काल कार्य शुरू करें।

www.bundelihalchal.com
छतरपुर

प्रवेश संवाद
चुप न रहें संवाद करें

#Digital Edition
डिजीटल मीडिया पार्टनर
बुन्देली halchal.com

सागर, गुरूवार, 04 दिसम्बर 2025




### छतरपुर कृषि उपज मंडी का मामला: कलेक्टर ने जारी किया शोकॉज नोटिस

# खाद वितरण की भीड़ देख उग्र हुई तहसीलदार ने किसान छात्रा को मारा थप्पड़, वीडियो वायरल

## तहसीलदार की तबीयत बिगड़ी अस्पताल में भर्ती, बोली- वीडियो आधा दिखाया

अतुल जैन आदित्य
9713684113

छतरपुर जिले में सुर्खियां कम होने का नाम नहीं ले रही है।



खजुराहो में कैबिनेट बैठक से पहले खाद में लगे किसान बेटी पर नायब तहसीलदार ने उग्र होकर भीड़ के सामने थप्पड़ जड़ दिया इसके बाद मामला गरमा गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने महिला नायब तहसीलदार ऋतु सिंघई को शोकाज नोटिस जारी कर दिया है। इसके बाद तहसीलदार की तबियत बिगड़ गई और वह जिला अस्पताल में भर्ती है।

### क्या है पूरा मामला

शहर को कृषि उपज मंडी में यूरिया खाद के लिए वितरण हो रहा है जहां लाइन और टोकन व्यवस्था से खाद वितरण चल रहा है। अनियंत्रित भीड़ और अव्यवस्था के चलते अधिकारियों को व्यवस्था बनाना दूभर हो गया है। जहां ड्यूटी पर तैनात नायब तहलसीदार ऋतु सिंघई ने किसानों से लाइन में लगने को कहा मगर वहां मौजूद परा गांव को गुड़िया नाम की छात्रा ने टोकन की बात कही तो तहसीलदार ने आपा खोकर उसे थप्पड़ मार दिया जहां भीड़ अनियंत्रित हो गई और तहसीलदार से भी धक्का मुक्का  की गई। वीडियो सामने आने के बाद मौके पर अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेव और एसडीएम अखिल राठौड़ पहुंचे और स्थिति को संभाला। बाद में देर शाम कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने शौकॉज नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।

वायरल वीडियो की तस्वीर



घटनाक्रम के बाद नायब तहसीलदार ऋतु सिंघई की हालत बिगड़ गई और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके पूर्व उन्होंने बयान जारी किया कि वीडियो आधा अधूरा है क्योंकि वहां लड़की व्यवस्था बिगाड़ रही थी और प्रशासनिक अमले से अभद्रता कर रही थी। उन्हें धक्का दिया गया।

---

### बकस्वाहा पाली की उचित मूल्य दुकान में अनियमितता: तीन माह का राशन गायब, विक्रेता के खिलाफ FIR दर्ज

# ऑनलाइन और वास्तविक स्टॉक में बड़ा अंतर: गेहूं 6011 किग्रा, चावल 1153 किग्रा कम, नमक 251 किग्रा और शक्कर 49 किग्रा भी नदारद; स्टॉक बोर्ड नहीं लगाया

प्रवेश संवाद बकस्वाहा

ग्राम पाली में स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान पर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जून, जुलाई और अगस्त–2025 के मुफ्त राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों पर की गई जांच में खाद्यान्न की भारी कमी पाई गई। कलेक्टर के अनुमोदन के बाद विक्रेता प्रकाश यादव के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

ग्राम पाली और कर्री के उपभोक्ताओं ने तहसीलदार बकस्वाहा को आवेदन सौंपकर बताया था कि उन्हें कई महीनों से पूरा राशन नहीं मिल रहा है। शिकायतों के आधार पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुगंध जैन ने 31 अक्टूबर को मौके पर पहुंचकर जांच की। उस समय दुकान बंद मिली। शिकायतकर्ताओं नंदराम विश्वकर्मा, भोले विश्वकर्मा, तख्त लोधी, बल्देव लोधी, अशिष लोधी, कल्याण लोधी, बैनीप्रसाद यादव, प्रेमा अहिरवार और हल्कन यादव ने बताया कि विक्रेता कई दिनों तक दुकान नहीं खोलता और तीन माह का राशन पूरा वितरित नहीं किया गया।

जांच में ऑनलाइन स्टॉक और वास्तविक स्टॉक के बीच भारी अंतर पाया गया। गेहूं 6011 किग्रा, चावल 1153 किग्रा, नमक 251 किग्रा और शक्कर 49 किग्रा कम मिले। दुकान में स्टॉक रजिस्टर भी नहीं पाया गया। स्टॉक बोर्ड और निगरानी बोर्ड नहीं लगाया गया था तथा निर्धारित तिथियों पर दुकान नियमित रूप से संचालित नहीं की जा रही थी। विक्रेता की कार्यशैली मप्र सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 की विभिन्न कंडिकाओं के उल्लंघन में पाई गई।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने संपूर्ण जांच प्रतिवेदन SDM (रा.) बिजावर को भेजा। SDM ने जांच में पाई गई अनियमितताओं को गंभीर मानते हुए कलेक्टर से आरोपी के विरुद्ध FIR दर्ज कराने की अनुशंसा की। कलेक्टर के अनुमोदन के बाद SDM बिजावर ने बकस्वाहा थाना प्रभारी को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके बाद फरियादी सुगंध जैन ने दस्तावेजों सहित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। 2 दिसंबर 2025 को बकस्वाहा थाने में विक्रेता प्रकाश यादव के खिलाफ FIR क्रमांक 377/2025 दर्ज की गई। पुलिस ने मामला विवेचना में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### कार्रवाई जारी रहेगी

खाद्यान्न जैसे संबंधित कोई भी शिकायत मिलती हैं मैं तुरंत संज्ञान में लेता हूँ आगे भी कोई इस तरीके मामले आएगे निश्चित ही कार्यवाही जारी रहेगी।

सुगंध जैन कनिष्ठ अपूर्ती अधिकारी



### खबर का असर : बकस्वाहा विकासखंड की नवीन प्राथमिक शाला मजरा टोला (पाली) का मामला

# नशे में धुत शिक्षक का वीडियो वायरल, बीईओ और बीआरसी की टीम ने जांच में पुष्टि की, दोबारा निलंबित

**प्रवेश संवाद बकस्वाहा**

विकासखंड की नवीन प्राथमिक शाला मजरा टोला (पाली) में पदस्थ शिक्षक भगुंता अहिरवार का नशे की हालत, कक्षा मे शराब का सेवन करने व दोपहर एक बजे विद्यालय बंद करने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आते ही शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। बीईओ और बीआरसी की टीम मौके पर पहुंची और जांच में वीडियो में दिखी घटनाओं को सही पाया गया। गांव के हल्के भाई महेश यादव ने बताया कि शिक्षक अक्सर नशे की हालत में स्कूल आते हैं और कई बार स्कूल में ही शराब पीते हैं। बच्चों को कॉलर पकड़कर बाहर निकाल दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि 'हमारी बेटियां भी इसी स्कूल में पढ़ती हैं। ऐसे नशेड़ी शिक्षक बच्चों के भविष्य और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।' विद्यालय के छात्र विजय यादव और रानी ने बताया कि शिक्षक दोपहर 1 बजे बच्चों को बाहर निकालकर चले जाते हैं। कई बार स्कूल में शराब लाते और पीते हैं। नशे में मारपीट भी करते हैं। इससे बच्चों में स्कूल आने का डर बना हुआ है। जांच में यह भी सामने आया कि शिक्षक पहले भी नशे की आदत और बदसलूकी के कारण विवादों में रहे हैं।

मार्च में नीति आयोग की टीम के निरीक्षण के दौरान उन्हें नशे की हालत में पाया गया था और तत्काल निलंबित किया गया। अक्टूबर में बहाली के बाद भी शिक्षक की आदत में सुधार नहीं हुआ। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद संकुल प्राचार्य शा. उत्कृष्ट उ.मा. वि. बकस्वाहा और जनशिक्षक 2 दिसंबर को अपराह्न 3:10 बजे मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान स्कूल बंद पाया गया। ग्रामीणों और छात्रों ने बताया कि शिक्षक ने छात्रों के सामने शराब का सेवन किया और हाथ पकड़कर स्कूल से बाहर कर दिया। तत्पश्चात स्कूल में ताला लगाकर चले गए। मौके पर ही पंचनामा तैयार किया गया।




### शिक्षक भगुंता अहिरवार को दोबारा निलंबित, कार्रवाई जारी


प्रवेश संवाद
छतरपुर
#Digital Edition
सागर, बुधवार, 03 दिसम्बर 2025
बकस्वाहा: नशे में धुत शिक्षक का वीडियो वायरल, स्कूल में हड़कंप
शिक्षक पर बच्चों को कॉलर पकड़कर बाहर फेंकने का आरोप, ग्रामीणों में रोष
पहले भी रह चुके निलंबित, नहीं सुधरी आदत, अधिकारी बोले- कार्रवाई होगी

जिला शिक्षा अधिकारी अरुण शंकर पांडे ने शिक्षक भगुंता अहिरवार को नशे में स्कूल आने और छात्रों के साथ अनुचित व्यवहार करने के आरोप में मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 और 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से दोबारा निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि के लिए मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजावर में नियोजन किया गया है। निलंबन अवधि में शिक्षक को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षक के खिलाफ निष्कासन की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग छात्राओं का सम्मान



**प्रवेश संवाद घुवारा.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुवारा में प्रभारी प्राचार्य बीएल प्रजापति द्वारा विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम विद्यालय में अध्ययनरत 05 छात्राओं मोहिनी लोधी, अंगूरी लोधी,निशि घोष,सपना रैकवार,राशि असाटी का महिला शिक्षकों द्वारा तिलक माला एवं सम्मान पट से स्वागत किया गया उसके बाद प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा स्टेशनरी सामग्री प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। दिव्यांग छात्राओं के प्रोत्साहन एवं सम्मान हेतु छात्रा प्रियंका वंशकार,शारदा अहिरवार,मलीदा रैकवार,प्रीति अहिरवार, किरन अहिरवार एवं अन्य छात्राओं द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। शिक्षक मनोज कुमार जैन,राजेश कुमार सेन द्वारा कविता के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में कार्यरत दिव्यांग शिक्षक राजू प्रजापति का समस्त शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य बीएल प्रजापति द्वारा दिव्यांग छात्राओं हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## मौलाना मदनी के भड़काऊ भषण देने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की

**प्रवेश संवाद बड़ामलहरा/ छतरपुर**

मौलाना महमूद अरशद मदनी द्वारा हाल ही में दिए गए कथित भड़काऊ भाषण के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बड़ा मलहरा थाना पहुँचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मामले को अत्यंत गंभीर बताते हुए मौलाना मदनी पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं में FIR दर्ज करने की मांग की। राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान पर कड़ा विरोध ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल के अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी ने कहा कि "राष्ट्रीय प्रतीक और राष्ट्रीय गीत का अपमान किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह देश की आत्मा पर आघात है। पुलिस प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर तत्काल FIR दर्ज करे।" उन्होंने यह भी कहा कि संवैधानिक संस्थाओं और राष्ट्रीय ध्वज–गीत से जुड़े अपमानजनक वक्तव्यों को समाज स्वीकार नहीं करेगा।



कानूनी कार्रवाई की मांग संगठन के पदाधिकारियों ने जोर दिया कि मौलाना मदनी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की संबंधित धाराओं में तुरंत FIR दर्ज की जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी के साथ ज्ञापन सौंपने में नितेश कर्ण, बृजेश यादव, राजकुमार अग्निहोत्री, उदय प्रताप सिंह, अरविंद तिवारी, सौरभ परमार, भोलू राजा, अनमोल चतुर्वेदी, कमलेश प्रजापति सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के समापन पर भंडारा हुआ

**प्रवेश संवाद नौगांव**

उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान में सात दिनों तक प्रवाहित हुई संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार 2 दिसंबर को भव्य पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। सुबह से शुरू हुए हवन, पूर्ण आहुति और विशाल भंडारे ने पूरे नगर को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया। पंडाल में सुबह से ही भक्तों का रेला उमड़ पड़ा था। दीप, धूप और वैदिक मंत्रों की गूंज ने ऐसा वातावरण रचा कि हर श्रद्धालु के मन में सात दिवसीय कथा की स्मृतियाँ फिर से ताजा हो उठीं।सुबह आचार्यों के सान्निध्य में अग्निहोत्र शुरू हुआ। वैदिक मंत्रों के साथ दी जा रही आहुतियों ने वातावरण को पवित्र बना दिया। अग्नि की हर लपट के साथ स्वाहा का स्वर गूंजता, तो भक्तों के चेहरों पर भक्ति और सुकून की झिलमिलाहट साफ दिखाई देती। पूर्णाहुति के समय पंडाल में उपस्थित सभी लोग खड़े होकर सामूहिक मंत्रोच्चार में शामिल हुए। पूज्य ऋषि जी सरकार ने पूर्णाहुति के महत्व को बताते हुए कहा कि हवन मन, वचन और कर्म की शुद्धि का माध्यम है-जहाँ अग्नि केवल समिधा नहीं, बल्कि मन के विकारों को भी भस्म कर देती है। हवन के उपरांत महाभंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ देखने लायक थी। आयोजन समिति ने बड़े स्तर पर प्रसाद की व्यवस्था की थी। भंडारे में 25 क्विंटल आटे की गरम-गरम पूरियाँ, 45 टीन तेल रिफाइंड, 15 क्विंटल बूंदी, और 15 क्विंटल आलू की सब्जी तैयार की गई। सेवा समितियों के युवा सदस्यों ने अत्यंत विनम्रता से प्रत्येक आगंतुक को प्रसाद परोसा। महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और युवाओं की कतारें लगातार बढ़ती चली गईं, लेकिन व्यवस्थाएँ इतनी सुसंगठित थीं कि प्रसाद ग्रहण करने वालों को कोई असुविधा नहीं हुई।

## रामटौरिया का पशु चिकित्सालय महीनों से बंद, लापरवाही का आरोप

**शिवेन्द्र जैन रामटौरिया**
**9827849899**

बड़ामलहरा जनपद पंचायत के ग्राम रामटौरिया में पशु चिकित्सालय लंबे समय से बंद पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल कागज़ों में संचालित दिखाया जा रहा है, जबकि जमीन पर न डॉक्टर मौजूद है और न कोई कर्मचारी। मवेशियों में लगातार फैल रही बीमारियों और समय पर इलाज न मिलने से क्षेत्र में पशुओं की मौतें बढ़ रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्राम के खुमान लोधी,खुमान कुशवाहा और इंद्रपाल लोधी ने बताया कि पिछले एक वर्ष से अस्पताल में डॉक्टर दिखाई नहीं दिए। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारी कागज़ों में कार्रवाई दिखा देते हैं, लेकिन अस्पताल में आज तक कोई व्यवस्था नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल भवन तो तैयार है,




लेकिन डॉक्टर और कर्मचारियों की गैरमौजूदगी से इसका कोई उपयोग नहीं हो पा रहा। ग्राम के रामस्वरूप लोधी ने बताया कि उनकी भैंस का बछड़ा बीमार था। उन्होंने पूरे दिन डॉक्टरों को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। इलाज के अभाव में बछड़े की मौत हो गई। उन्होंने इसे विभागीय लापरवाही की गंभीर घटना बताया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि रामटौरिया अस्पताल से 4 से 5 ग्राम पंचायतों के 10 से अधिक गांवों को सेवा मिलनी थी, लेकिन अस्पताल बंद रहने से सभी गांवों के मवेशी बिना इलाज के मर रहे हैं। ग्रामीणों ने पदस्थ डॉक्टरों पर भी सवाल उठाए और बताया कि कई स्थानों पर डॉक्टर्स पदस्थ होने के बावजूद क्षेत्र में दिखाई नहीं देते। ग्रामीणों ने मांग की है कि रामटौरिया में पदस्थ डॉक्टर को अनिवार्य रूप से ग्राम में निवास कराया जाए या फिर अस्पताल में एक कर्मचारी को नियमित रूप से मौजूद रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह में समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो सभी ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर इस विषय को मजबूती से उठाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि पशु चिकित्सालय की लापरवाही से लगातार मवेशियों की मौत हो रही है और प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज को खजुराहो प्रवास पर रहेंगे

**प्रवेश संवाद छतरपुर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 04 दिसंबर 2025 को छतरपुर जिले के खजुराहो के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खजुराहो में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री ग्वालियर एयरपोर्ट से शाम 05:15 बजे वायुयान द्वारा प्रस्थान कर शाम 05:45 बजे छतरपुर जिले के खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री खजुराहो में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। डॉ. मोहन यादव खजुराहो एयरपोर्ट से रात्रि 08:30 बजे वायुयान द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे।